# प्रीलिम्स फैक्ट्स : 11 जनवरी, 2019

drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/11-01-2019/print

## सहायक एयर ड्रोपेबल कंटेनर

हाल ही में नौसेना ने ऐसे कंटेनरों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है जो समुद्र में परिचालन के दौरान रसद क्षमता को बढ़ाने हेतु सीधे हवाई जहाज से गिराए जा सकते हैं।

> 50 किलोग्राम के पेलोड के साथ परीक्षण हेतु हवाई जहाज से अरब सागर में गिराया गया। पुर्जों से लैस इस कंटेनर को तट से 2,000 किमी. दूर समुद्र में स्थित जहाजों के लिये डिज़ाईन किया गया है।

NSTL

- गोवा के तट से एक IL-38 विमान द्वारा इस 'सहायक एयर ड्रोपेबल कंटेनर' का सफल परीक्षण किया गया है।
- यह बेलनाकार कंटेनर स्वदेशी है जिसे नौसेना विज्ञान और तकनीकी प्रयोगशाला (Naval Science & Technological Laboratory-NSTL)) तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान द्वारा विकसित किया गया है।

## इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि बाज़ार **(Electronic National Agriculture Market e-NAM)**

हाल ही में उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के बीच पहली बार अंतर-राज्यीय लेन-देन के स्तर पर ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफार्म ई-नाम (e-NAM) का आयोजन किया गया।

## महत्त्वपूर्ण बिंदु

- इलेक्ट्रॉनिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट (e-NAM) एक अखिल भारतीय इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग पोर्टल (Electronic Trading Portal) है, जो मौजूदा कृषि उपज बाज़ार समिति ( Agricultural Produce Market Committee - APMC) मंडियों को कृषि जिंसों हेतु एकीकृत राष्ट्रीय बाज़ार बनाने के लिये नेटवर्क प्रदान करता है। इसे 2016 में शुरु किया गया था।
- e-NAM मोबाइल और वेब अनुप्रयोगों के माध्यम से मंडियों में वस्तुओं के व्यापार करने की अनुमति देता है।
- लघु किसान कृषि व्यवसाय कंसोर्टियम (Small Farmers Agribusiness Consortium-SFAC) भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत आता है जो e-NAM को लागू करने वाली प्रमुख एजेंसी है।
- राज्यों को e-NAM व्यवस्था अपनाने के लिये निम्नलिखित परिवर्तन की आवश्यकता है-
    - इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग प्रदान करना।
    - एकल व्यापार लाइसेंस प्रदान करना जो राज्य की सभी मंडियों में मान्य हों।
    - लेन-देन शुल्क की एकल-खिड़की व्यवस्था लागू करना।
- e-NAM पोर्टल सभी कृषि उपज बाज़ार समिति (APMC) से संबंधित जानकारी और सेवाओं के लिये एक एकल खिड़की सेवा प्रदान करता है। इसमें अन्य सेवाओं के साथ वस्तुओं के आयात और मूल्य, व्यापार ऑफर खरीदना और बेचना, व्यापार ऑफर पर प्रतिक्रिया देने का प्रावधान शामिल है।